**PRAJAPITA BRAHMA KUMARIS ISHWARIYA VISHWA VIDYALAYA**
Sukh Shanti Bhawan Phase 7 Mohali ; Ph.0172-2229224, 9815552773, 9815552731.
Email:mohali@bkivv.org

प्रैस विज्ञप्ति

## मानवीय मूल्यों की रक्षा हेतू 5 ब्रह्माकुमारीयों ने किया प्रभु समर्पण

## दादी डा. रतन मोहिनी जी ने दिये वरदान

## हरियाणा के विधान सभा अध्यक्ष व पंजाब के उद्योग मंत्री ने दी शुभ कामनाएं

मोहाली, 9 मार्च : दिन प्रतिदिन गिरते चारित्रिक, नैतिक, मानवीय व आध्यात्मिक मूल्यों की रक्षा तथा विश्व में पवित्रता, शांति, प्रेम, सद्भावना व विश्व बंधुत्व की पुन: स्थापना हेतू मोहाली क्षेत्र की 5 कन्याओं ने आज यहां ब्रह्माकुमारीज़ सुख शांति भवन फेज़ 7 में एक भव्य, दिव्य व अलौकिक समारोह में अपना जीवन प्रभु-समर्पण किया । इस अवसर पर माउंट आबू से पधारी ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी डा. रतन मोहिनी जी भी उपस्थित थी । सभी समर्पित हुई कन्याओं के अनेक सम्बंधी समारोह में विराजमान थे तथा सभी के अभिभवकों ने इन त्यागी, तपस्विनी राजयोगिन बहनों को समाज सेवा में अपना तन, मन, वचन व कर्म पूर्णत: लगाने की सहर्ष सहमति सभा में व्यक्त की ।

इस अनुपम समारोह की अध्यक्षता माउंट आबू से पधारी ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी डा. रतन मोहिनी जी ने की । उन्होंने अपने आशीर्वचनों में इन कन्याओं को देवी स्वरूपा, श्रेष्ठ चरित्रवान, साहसी व उत्साही बताया और उन्हें निस्वार्थ सेवा द्वारा सर्व की दुवाएं प्राप्त करने का वरदान दिया । कन्याओं ने अपना वर परमात्मा शिव को मानते हुए उस पर पुष्प मालाएं अर्पित की तथा दादी रतन मोहिनी जी ने उन सबको गोल्डन बैज प्रदान कर ब्रह्माकुमारीज़ घोषित किया ।

ब्रह्माकुमारीज़ के पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू व कश्मीर, उतराखंड तथा चंडीगढ़ के निर्देशक राजयोगी ब्रह्माकुमार अमीर चंद ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि आज मान्यताओं और विश्वास तथा वाणी और कर्मो में अंतर आ गया है । आध्यात्मिक उनके जीवन में समानता लाना सिखाता है । उन्होने आगे कहा कि बाहर की गंदगी को दूर करने के साथ साथ अपने अंदर की गंदगी अर्थात बुराईयों को खत्म करो । ब्रह्माकुमारीज कोई धर्म नहीं है बल्कि मानवता का सबसे पुराना धर्म है ही आदि सनातन देवी धर्म । आध्यात्मिक जीवन शैली ही उसे सत्यता, एकता व अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सक्षम बना सकती है तथा विश्व से आतंक, अलगाव, हिंसा को समाप्त करा सकती है जसके लिए ही आज इन ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन परमात्म समर्पण किया है ।

इस समारोह में हरियाणा विधान सभा के स्पीकर श्री ज्ञान चंद गुप्ता मुख्य अतिथि थे व पंजाब के उद्योग मंत्री विशेष अतिथियों के रूप में अपनी मंगल कामनाएं दी ।

नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों व संस्थओं ने इस अवसर पर राजयोगिनी दादी डा. रतन मोहिनी जी को गुलदस्ते, शाल अभिनंनदन पत्र व मूमैंटों आदि भेंट कर सम्मानित किया जिनमें श्री ज्ञान चंद गुप्ता,श्री सुंदर शाम अरोड़ा उद्याग मंत्री पंजाब, श्री अमरजीत सिंह संदोआ विधायक रोपड़, भूतपूर्व मंत्री श्री जगमोहन सिंह कंग, बीबी परमजीत कौर लांडरां, मोहाली इंडस्टरीज एशोसिएशन के प्रधान श्री युगेश सागर, गैरी आर्ट मोहाली की प्रबंध निर्देशिका गगनदीप कौर गैरी, रोटरी कल्ब मोहाली के के.क. सेठ, रोपड़ के.ऐ.रिजाट के मालिक श्री कमलशील, पंजाब सत्कर्ता ब्यूरो के डिप्टी कलैक्टर श्री ऐ.के.सैनी आदि शामिल थे ।

मोहाली क्षेत्र के राजयोग केंद्रों की निद्रेशिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता बहन जी ने सभी का स्वागत किया । इस अवसर पर बच्चों द्वारा गीत, कविता, नृत्य व भंगड़ा आदि प्रस्तुत कर जनता का मन मोह लिया । मंच संचालन माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार विवके भाई ने बहुत सुचारू रूप से संचालन किया ।

ब्रह्माकुमारी प्रेमलता